संख्याः शिक्षा एच (21)एफ(10)–20010 पर्यावरण
शिक्षा निदेशालय (उच्चतर)
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171001

दिनांकः शिमला–171001 19 मई, 2010

सेवा में,

समस्त प्रधानाचार्य,
राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक/(उच्च)पाठशाला
हिमाचल प्रदेश।

विषयः– Shimla Declaration on suitable Himalayan Development in the Himalayan Chief Minister' Conclave and the Recommendation of working Groups.

ज्ञापनः

उपरोक्त विषय के संदर्भ में दिनांक 30 अक्तूबर 2009 को हिमालयन मुख्यमन्त्रीयों के सम्मेलन का आयोजन शिमला में किया गया। उक्त सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश, तथा उतराखण्ड के मुख्यमन्त्रियों के अतिरिक्त, केन्द्रीय पर्यावरण एवम् वन राज्य मन्त्री, जम्मू–कश्मीर राज्य के पर्यावरण तथा वन मन्त्री, अरुणाचल एवम् सिक्किम राज्य के वरिष्ठ अधिकारी तथा अन्य राज्यों के गणमान्य व्यक्ति शामिल थे। सम्मेलन के दौरान पर्यावरण के संरक्षण बारे व्यापक चर्चा हुई तथा विभिन्न मुद्दो पर कार्यावाही करने की आवश्यकता पर बल दिया। शिक्षा विभाग के सम्बन्ध में चर्चा करते हुए सम्मेलन में आम सहमति बनी कि पर्यावरण शिक्षा को मुख्यधारा में शामिल किया जाए तथा इसे विद्यालय एवम् अन्य संस्थानो मे माध्यम से लागू किया जाए।

अतः उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में निम्न निर्देश दिये जाते है कि पाठशाला/महाविद्यालय में उक्त गतिविधियां नियमित रुप से **'इको क्लब'** (Eco Clubs) के माध्यम से करवाई जाएः–

(1) 1 अप्रैल को स्वच्छता दिवस मनाया जाए तथा शैक्षणिक संस्थानो में यह दिवस कार्य दिवस होगा।

(2) विश्व पर्यावरण दिवस भविष्य में नियमित रुप से मनायां जाए और पर्यावरण को सुरक्षित रखने सम्बन्धित गतिविधियों का निरन्तर आयोजन किया जाए।

(3) हर वर्ष वन महोत्सव दिवस मनाया जाए तथा इस दौरान हर विद्यार्थी एवम् अध्यापक एक वृक्ष लगाना सुनिश्चित करें।

(4) भम्बी व्दमए च्संदज व्दमए म्अमतल ल्मंत ण गतिविधि को बढावा दिया जाए।

(5) स्कूल परिक्षेत्र को पोलीथीन मुक्त बनाया जाए।

(6) स्कूल व कक्षा कक्ष को साफ सुथरा रखा जाए।

(7) स्कूल परिक्षेत्र को फूलों से सुसज्जित किया जाए।

(8) कूड़ा–करकट का समायोजित तरीके से निपटारा किया जाए।

(9) बच्चों को समुचित एवम् स्वच्छ शौचालय की सुविधा उपलब्ध करवाई जाए।

(10) इधर–उधर अनावश्यक तरीके से थूकने पर प्रतिबन्ध लगाया जाए तथा विद्यार्थियों को इस सम्बन्ध में शिक्षित किया जाए।

(11) बच्चो को पर्यावरण संरक्षण बारे शिक्षित किया जाऐ तथा विद्यार्थियों को पर्यावरण सम्बन्धित स्थानीय समस्याओं के बारे में जानकारी दी जाए और उनके माध्यम से इन समस्याओं को सुलझाने के तरीके खोजे जाए।

निदेशक शिक्षा (उच्चतर)
हिमाचल प्रदेश

पृष्ठांकन :– सम् । दिनांक : शिमला–171001 19 मई 2010.

प्रतिलिपिः

1. प्रधान सचिव,(शिक्षा) हि0प्र0 शिमला–2 को उनके पत्र संख्या शिक्षा–II–छ (5)–3/2009 के सन्दर्भ में सूचनार्थ प्रेषित है।
2. समस्त उप शिक्षा निदेशक,(उच्चतर) हि0प्र0 को सूचनार्थ प्रेषित है।

निदेशक शिक्षा (उच्चतर)
हिमाचल प्रदेश